माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक: 1500/10 /एके0/MSU/2023–24 दिनांक: 06/11/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय : महाविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालय का नाम प्रदर्शित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि विदित है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की स्थापना दिनांक : 02 दिसम्बर, 2021 को की जा चुकी है। जिसके पश्चात जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली के समस्त महाविद्यालय जो पूर्व में चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध थे वह अब माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से स्वतः ही सम्बद्ध हो गये है।

संज्ञान में आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों की वेबसाइट पर अभी भी पैतृक विश्वविद्यालय चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का नाम ही प्रदर्शित किया जा रहा है जो कि खेदजनक है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपनी वेबसाइट पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर का नाम प्रदर्शित करना सुश्चित करें। साथ ही विश्वविद्यालय से पत्राचार करते समय लेटर हेड पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखना भी सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आप द्वारा प्रेषित पत्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

कुलसचिव